कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पेंशन)
OFFICE OF THE PR. CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS (PENSIONS)
द्रौपदीघाट, इलाहबाद-211014
DRAUPADI GHAT, ALLAHABAD - 211 014,
, e-mail:
EPBAX Tele- (0532)-2421877; 2421879; 2421880 Extn-258
Call Centre No (Toll Free) - 18001805325 (Timing - 09:30 AM to 06:00 PM)

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

(महत्वपूर्ण सूचना)

विषयः– कोरोना वायरस (COVID-19) के प्रसार को रोकने के लिए कार्यालय द्वारा किये गये उपाय।

,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

कोरोना वायरस (COVID-19) के प्रसार को रोकने के लिए भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग एवं मुख्यालय रक्षा लेखा महानियंत्रक नई दिल्ली द्वारा जारी विभिन्न दिशानिर्देशों के अनुपालन में इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्रवाई/निवारक उपाय किये गये है।

1. कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मास्क की व्यवस्था ।
2. कार्यालय के सभी प्रवेश द्वार एवं शौचालयों में सेनेटाइजर, लिक्विड सोप व पानी की समुचित व्यवस्था ।
3. कार्यालय परिसर की साफ–सफाई व दवा आदि का छिड़काव ।
4. बायोमेट्रिक डिवाइस के माध्यम से हाजिरी न लगाने के निर्देश ।
5. कार्यालय में संचालित अन्य सुविधा यथा सी.एस.डी. कैण्टीन, क्रेच, डी.ए.आर.सी., जिम आदि को तत्काल प्रभाव से 31 मार्च तक बन्द रखना ।
6. कार्यालय में बाहर से आने वाले आगन्तुकों को अस्थायी पास की सुविधा जारी न करना। कोरियर के माध्यम से पेंशन दावों व डाक पत्रों को केवल रिसेप्सन सेल/रिकार्ड सेक्शन में लिया जायेगा तद्नुसार सम्बन्धित सेक्शन के प्रतिनिधि उसे वहॉ से प्राप्त करेंगें ।
7. पोस्टर व परिपत्र के माध्यम से लोगों को जागरुक करना ।
8. सभी प्रकार के उन प्रशिक्षण कार्यक्रमों को तत्काल प्रभाव से स्थगित करना जिसमें अभ्यर्थियों को बाहरी स्टेशनों से प्रशिक्षण में शामिल होना हो ।
9. जलपान गृह में एक साथ अधिक संख्या में भीड़ एकत्रित न होना व चाय आदि केवल डिस्पोजेबल ग्लास/प्लेट में सर्व करना ।

सं0प्रशा0/2/982/विविध /2020
दिनांकः– 19.03.2020

(राज बहादुर)
वरि0ले0अधि0 (प्रशा0)